This question paper contains 15 printed pages]

आपका अनुक्रमांक....................

**2645**

**B.A. (Programme)/I** **D-II**

HINDI LANGUAGE (B)—Paper I

हिंदी भाषा (ख)—प्रश्नपत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10,10

(क) मानव-कल्याण के हेतु अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सहयोग प्राप्त करने के लिए एक नये जीवन-दर्शन और नये प्रयास की आवश्यकता है । तात्पर्य यह है कि हमारी जन-शिक्षा-योजना इस प्रकार की होनी चाहिए जिससे जीवन के प्रति स्वस्थ और असाम्प्रदायिक दृष्टिकोण बन सके, उसमें लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों की

P.T.O.

प्रतिष्ठा हो और सामाजिक व्यवहार के नवीन संस्थानों का निर्माण हो । साथ ही शिक्षा में जीवनपर्यन्त प्रगति होनी चाहिए । हम लोग एक प्रगतिशील जगत् में रहते हैं । इसलिए समय-समय पर हमारे मनोभावों और विचारों की पुनर्व्यवस्था आवश्यक है ।

(i) शिक्षा-प्रणाली में नए जीवन-दर्शन और नए प्रयास की आवश्यकता क्यों है ?

(ii) लेखक किस प्रकार की जन-शिक्षा योजना की आकांक्षा रखता है ?

(iii) 'समय-समय पर हमारे मनोभावों और विचारों की पुनर्व्यवस्था आवश्यक है'– आशय स्पष्ट कीजिये।

(iv) जीवन, स्वस्थ, नवीन, शांति– इन शब्दों के विलोम लिखिए ।

(ख) दु:ख और सुख तो मन के विकल्प हैं । सुखी वह है जिसका मन वश में है, दु:खी वह है जिसका मन परवश है । परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ हजूरी । जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है । कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है । वह वशी है । वह वैरागी है । राजा जनक की तरह संसार में रहकर, सम्पूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त। जनक की ही भाँति वह घोषणा करता है—मैं स्वार्थ के लिए अपने मन को सदा दूसरे के मन

में घुसाता नहीं फिरता, इसलिए मैं मन को जीत सका हूँ ।

(*i*) 'कुटज' किन मिथ्याचारों से मुक्त है ?

(*ii*) लेखक ने राजा जनक के किन गुणों का उल्लेख किया है ?

(*iii*) 'दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं'—आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) दाँत निपोरना, जाल बिछाना—मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

(ग) कृषि युग में पम्प नहीं थे, बिजली नहीं थी, ट्यूबवेल नहीं थे । तब नगर नदियों के किनारे बसते थे-पीने को पानी भी, सिंचाई भी, फसल भी और आवागमन का मार्ग भी । तभी से यह श्रद्धा चली आ रही है कि जिसने विनाश कर दिया, उसे भी 'जय नर्मदे'

पर इस जमाने में भी बाढ़ से बचाव का इन्तजाम न हो, यह बात प्राकृतिक मानकर भी शर्मनाक है । आदमी जगह छोड़ेगा नहीं । पर विज्ञान और टैक्नॉलाजी कहाँ चली गई ? जहाँ हर कभी बाढ़ आती है, वहाँ पहले से इन्तजाम क्यों नहीं ? आसपास सर्वे क्यों नहीं ? खतरे के स्तर पर पहुँचने पर नीची बस्तियाँ खाली क्यों नहीं करायीं ? खैर, छोड़ूँ । मैं बताऊँ कि एक मनुष्य के पतन की जितनी गहराई है, उससे अधिक ऊँचाई मनुष्यता के उत्थान की है ।

(i) 'कृषि-युग' में नगर नदियों के किनारे क्यों बसते थे ?

(ii) 'इस जमाने में भी बाढ़ से बचाव का इन्तजाम न हो, यह बात प्राकृतिक मानकर भी शर्मनाक है'–क्यों ?

(*iii*) 'एक मनुष्य के पतन की जितनी गहराई है, उससे अधिक ऊँचाई मनुष्यता के उत्थान की है'—आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) पानी, नदी—शब्दों के **दो-दो** पर्याय लिखिए ।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) बुलबुल किसका प्रतीक है ?

(शिवशंभू के चिट्ठे और खत : बनाम लार्ड कर्जन)

(*ii*) अनुताप और दोष-स्वीकार दोनों सहोदर भ्राता कैसे हैं?

(अनुताप की महिमा)

(*iii*) शुभकामनाओं की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है?

(शुभकामना : एक जीवन-तत्व !)

(*iv*) 'अकबरी चेतना' से क्या अभिप्राय है ?

(संत सीकरी में बड़े व्यस्त हैं)

(*v*) बहादुर के जाने पर परिवार का पश्चाताप क्यों हुआ?

(बहादुर)

(*vi*) 'देखने' का संवेदना के विकास से क्या संबंध है ?

(देखो मगर ध्यान से)

(*vii*) 'प्रकृति का क्षय' मनुष्य के लिए खतरा क्यों है ?

(नैतिकता का स्रोत)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) 'कट्टो के नामकरण पर प्रकाश डालिए ।

(*ii*) सत्यधन कौन था और बिहारी के पिता उसे क्यों पसंद करते थे ?

(*iii*) सत्यधन ने कट्टो से विवाह क्यों नहीं किया ?

(*iv*) मृत्यु से पूर्व गरिमा के पिता ने सत्यधन को पत्र में क्या लिखा ?

(*v*) कट्टो ने सत्यधन को पैसे क्यों और क्या कहकर दिए?

(*vi*) विवाह के बाद सत्यधन ने कहाँ रहने का निर्णय लिया और कौनसा व्यवसाय अपनाया ?

(*vii*) बिहारी के आदर्शवाद पर विचार कीजिए ।

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) झा साहब 'इंडियन सिविल सर्विस' प्रतियोगिता में भाग क्यों न ले सके ?

(जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*ii*) आई. सी. एस. अफ़सर होते हुए भी पुरुषोत्तम मंगेश लाड उस श्रेणी में एक अपवाद क्यों थे ?

(अफ़सर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

(*iii*) ग़्वालियर के सरदार स्कूल को भारतवर्ष का प्रमुख आवासीय विद्यालय बनाने में पीयर्स का क्या योगदान है ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

(*iv*) 'यूरोप' यात्रा पन्नालाल घोष के लिए किन अर्थों में महत्वपूर्ण थी ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(*v*) स्काउट-आन्दोलन को आगे बढ़ाने में श्रीराम वाजपेयी जी का क्या योगदान है ?

(किशोर-जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : (श्रीराम वाजपेयी)

(*vi*) सच्चिदानंद सिन्हा के चरित्र की किन्हीं **दो** महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

(*vii*) स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यकलाप और खेलकूद को सच्चे अर्थों में शिक्षा का अंग बनाने की दिशा में श्री लक्ष्मीनारायण माथुर ने क्या प्रयास किया ?

(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) अधजल गगरी छलकत जाय;

(*ii*) संतोष ही परम धर्म है;

(*iii*) ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय ।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 5

आधुनिक युग में राष्ट्र के जीवन में समाचार-पत्रों का बहुत ही विशिष्ट और ऊँचा स्थान है । समाचार-पत्र मानो अपने देश की सभ्यता, संस्कृति और शक्ति के मानदंड बन गए हैं' । जिस देश में जितने अच्छे और जितने अधिक समाचार-पत्र होते हैं वह देश उतना ही उन्नत और प्रभावशाली समझा जाता है । बहुत से क्षेत्रों में जो काम समाचार-पत्र कर जाते हैं वे बड़ी-बड़ी सेनाएँ और बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ भी नहीं कर पाते । समाचार-पत्र एक ओर तो जनता का मत सरकार और संसद पर प्रकट करते हैं, दूसरी ओर देश में सुदृढ़

और सम्पुष्ट लोकमत तैयार करते हैं । देश को सब प्रकार से जागृत और सजीव रखने में जितनी अधिक सहायता समाचार-पत्रों से मिलती है, उतनी शायद किसी और चीज़ से नहीं, इसलिए समाचार-पत्रों का बहुत महत्त्व है' ।

5. किसी **एक** विषय पर विचार व्यक्त कीजिए : 8

(*i*) भारत बना क्रिकेट का बादशाह;

(*ii*) जल ही जीवन है;

(*iii*) पर्यावरण सुरक्षा : एक अभियान ।

6. किसी **एक** घटना/स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) तपती दोपहर में बस का इंतजार;

(*ii*) जब मेरी रचना अखबार में छपी ।

7. (क) कोश किसे कहते हैं ? किन्हीं **दो** कोशों के नाम लिखिए । 5

(ख) शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

ज्ञान, नीति, नवीन, पुस्तक, दर्शन, पाठ्यक्रम, प्रश्न, परिवर्तन, ध्यान, धीरज, धरती, साँझ, झंडा, संगीत, सुयोग्य, श्याम, कॉलेज, कृति, कर्म, किसान ।

8. (क) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 4

(*i*) क्या वे जाएँगे ? (भाववाच्य)

(*ii*) माँ खाना पकाती है । (कर्मवाच्य)

(*iii*) मैं गा नहीं सकता । (भाववाच्य)

(*iv*) अध्यापक द्वारा पढ़ाया जाता है (कर्तृवाच्य)

(ख) कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : 4

(i) कार्यक्रम शुरू हुआ और वह आ गया ।

(सरल वाक्य)

(ii) विद्यार्थी स्कूल जाकर पढ़ाई करें ।

(संयुक्त वाक्य)

(iii) राम ने सुन्दर चित्र बनाया है ।

(मिश्र वाक्य)

(iv) घंटी बजते ही परीक्षा शुरू हो गई ।

(संयुक्त वाक्य)

(ग) निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए : 4

(i) दि. न. नि.

(ii) दि. प. नि.

(iii) दिविप्रा

(iv) न. दि. न. पा.

(घ) निम्नलिखित के पर्यायवाची लिखिए : 4

वृक्ष, चन्द्रमा, यमुना, माता ।

(ङ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के अर्थ बताइए : 4

लम्बोदर, माता-पिता, साप्ताहिक, नीलाम्बर ।